Roll No. ....
Signature of Invigilator ………………………

Paper Code
BD-601

पतंजलि विश्वविद्यालय

University of Patanjali

Examination May – 2019

B.A. Philosophy (Semester: Sixth)

Philosophy

वेदान्त–दर्शन–II

Time: 3 Hours **Max. Marks: 70**

नोट : यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खंडों अ, ब, तथा स में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड–अ

(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'अ' में पांच (05) दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न दिए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पंद्रह अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(3×15=45)**

1. देवयान व पितृयाण मार्ग का सविस्तार वर्णन करें।
2. "सुषुप्ति अवस्था में जो जीवात्मा होता है वही जाग्रत अवस्था में भी होता है" इस तथ्य को प्रमाण–पूर्वक सिद्ध करें।
3. ब्रह्म के सन्दर्भ में 'उन्मान, सम्बन्ध और भेद का व्यपदेश होने से, बह्म से परे भी किसी तत्त्व के होने की आशंका व्यक्त की जाती है, इस शंका का परिहार करें।
4. ज्ञान कर्म का अंग होता है या नहीं– वेदान्तमत से सिद्ध करें।
5. ब्रह्मज्ञानी का शरीर से निष्क्रमण कैसे होता है? प्रमाणपूर्वक लिखें।

खण्ड–ब

(लघु–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ब' में छः (06) लघु–उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(4×5=20)**

1. वानप्रस्थ व सन्यासाश्रमवासी को क्या गृहस्थ में आने की अनुमति है?
2. जीवनमुक्त आत्मा के कर्माशयों की क्या गति होती है?
3. "भोगेन त्वितरे क्षपयित्वा सम्पद्यते" - इस सूत्र की सप्रसंग व्याख्या करें।
4. "सर्वान्नानुमतिश्च प्राणात्यये तद्दर्शनात्" - सूत्र की सप्रसंग व्याख्या करें।
5. आत्मा के निष्क्रमण पर शरीर में इन्द्रियों की क्या गति होती है?
6. ब्रह्मप्राप्ति के साधनों का उल्लेख करें।

खण्ड–स

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'स' में पाँच (05) अतिलघु उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित हैं। इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए। **(05×01=05)**

1. ब्रह्मसूत्र में कुल कितने अधिकरण व सूत्र हैं?
2. षट्क सम्पत्ति क्या है ?
3. वेदान्त दर्शन कितने व कौन-से प्रमाणों को स्वीकार करता है ?
4. प्रस्थानत्रयी क्या है ?
5. वेदान्त कितने प्रकार की सत्ताओं को मानता है ?

---------------x---------------